महंगाई के विरोध में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान को घर–घर पहुंचायेंगें

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष सीताराम भटट ने कहा है कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान को जनता के बीच पहुंचाने का काम किया जायेगा और भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर इस अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम करेंगें। परेड ग्राउंड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान कोविड 19 की विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के साथ ही आधुनिक भारत की पहचान भी बन रहा है। एमएसएमई क्षेत्र के लिए तीन लाख करोड रूपये के कोलेटरल फ्री ऋण की व्यवस्था की गई है।

### व्यापारियों पर दर्ज किये गये मुकदमें हो वापस

**संवाददाता** देहरादून। व्यापार मण्डल प्रेमनगर के अध्यक्ष राजीव पुंज ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा व्यापारियों पर दर्ज किये गये मुकदमें को वापस लिया जाये और अतिक्रमण अभियान में पीड़ित विस्थापित व्यापारियो के हितों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर एक काम्पलैक्स का निर्माण कर व्यापारियों को उसमें दुकानें आवंटित की जाये जिससे वह अपना व्यापार पूर्व की भांति चला सके और परिवार का ठीक प्रकार से भरण पोषण कर सके।

### कश्मीर मुद्दे पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार संपन्न

**संवाददाता** देहरादून। कश्मीर, पाकिस्तान के लिए राजनीतिक अस्तित्व तो चीन के लिए वर्चस्व का मुद्दा है जबकि भारत का अभिन्न हिस्सा होने के कारण यह भारत के लिए भावनात्मक मुद्दा है। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त रूप से आयोजित आयोजक श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर गोपेश्वर में दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार के द्वितीय दिवस के मुख्य वक्ता डॉ शिव पूजन पाठक ने उपरोक्त बातें कहते हुए कहा कि पाक अधिकृत एवं चीन अधिकृत भूमि को वापस लाने के लिए भारत को न राजनीतिक दृढ़ता दिखानी चाहिए।

### निजीकरण के विरोध में रेलवे स्टेशन पर गरजे युवा कांग्रेसी

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस देहरादून द्वारा देश में रेलवे के निजीकरण के विरोध में देहरादून रेलवे स्टेशन पर गरजते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया और आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नेगी द्वारा कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा समय–समय पर देश की संपत्तियों को बेचने का काम किया जा रहा है।

# डेंगू की रोकथाम को नगर निगम का अभियान जारी

**निरीक्षण**

- जल जमाव पर 24 भवन स्वामियों का चालान, भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी
- भवन स्वामियों का चालान कर 7500 रुपए का अर्थदंड वसूला
- क्षेत्रवासियों को डेंगू के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई

**संवाददाता**

देहरादून। डेंगू के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने शहर में कई जगहों का निरीक्षण किया। इस दौरान जल जमाव पर 24 भवन स्वामियों का चालान कर 7500 रुपए का अर्थदंड वसूला गया। टीम ने भवन स्वामियों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी। साथ ही लोगों को डेंगू से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

नगर आयुक्त की ओर से डेंगू की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेशों के क्रम में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने वॉर्ड मालसी, विजयपुर, रांझावाला, राजपुर, दून विहार, धोरण, जाखन, साला वाला, आर्य नगर और डोभालवाला क्षेत्र के घर, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, कार्यालय आदि के परिसरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम ने क्षेत्रवासियों को डेंगू के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई और इसके बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही अभियान के दौरान जिन स्थानों पर जल एकत्रित पाया गया उन स्थानों पर दवा का छिड़काव करने के साथ ही फॉगिंग कराई गई। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने लोगों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 24 चालान काटकर 7500 रुपए का अर्थदंड वसूला नगर आयुक्त ने अवगत कराया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह से चलता रहेगा।



**अपील**

नगर आयुक्त ने शहर की जनता से दोबारा अपील की कि अपने आसपास किसी भी तरह से कूलर, गमले और अन्य वस्तुओं में पानी जमा न होने दें।

13 और 14 जुलाई को विजय कॉलोनी, किशन नगर, डीएल रोड, रिस्पना, करनपुर, बकरा वाला, चुक्खूवाला, इंदिरा कॉलोनी, घंटाघर और रेसकोर्स उत्तर आदि में अभियान चलाया गया जाएगा। नगर आयुक्त ने शहर की जनता से दोबारा अपील की कि अपने आसपास किसी भी तरह से कूलर, गमले और अन्य वस्तुओं में पानी जमा न होने दें।

समय–समय पर आसपास की और गमलों, कूलर की सफाई करना भी जरूरी है। अभियान के दौरान सहायक नगर आयुक्त और नोडल अधिकारी बिजल दास, संजय कुमार और रविंद्र दयाल, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाश जोशी, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, समस्त सफाई निरीक्षक, समस्त सफाई नायक और टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आइसीएसई और आइएससी के परीक्षाफल जारी

**संवाददाता** देहरादून। दून के 60 स्कूलों में इस वर्ष काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) की बोर्ड परीक्षा देने वाले 7481 छात्र–छात्राओं का परीक्षाफल को लेकर इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। ब्राइटलैंड स्कूल की भविया मदान ने उत्तराखंड में आइएससी में 99.75 फीसद के साथ टॉप किया है, जबकि आइसीएसई में अनुभव कश्यप 98.6 के साथ टॉप पर है।

परिणाम देखने में कोई समस्या होने पर बोर्ड की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1800–2671–1760 पर संपर्क किया जा सकता है। देहरादून के वेल्हम गर्ल्स स्कूल में 10वीं व 12वीं के सभी छात्र पास हुए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या पदमनी सांबशिवन ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते कोई भी छात्र स्कूल नहीं बुलाए गए हैं। स्कूल गेट के अंदर आने की किसी की अनुमति नहीं है।

वहीं, जो छात्र–छात्राएं अपने परिणाम से संतुष्ट न हों, उन्हें रीचेकिंग के लिए बोर्ड की वेबसाइट www-cisce-org पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। एक विषय की रीचेकिंग के लिए 1000 रुपये देने होंगे। यह शुल्क भी ऑनलाइन ही जमा करना होगा। रीचेकिंग का विकल्प केवल उन विषयों के लिए दिया जाएगा, जिनकी छात्रों ने परीक्षा दी है। सीआइएससीई की ओर से जारी नोटिस के अनुसार परिणाम दोपहर तीन बजे जारी हुआ।

# गरज के साथ दून के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश

**राहत**

- शनिवार को भारी से भारी बारिश के आसार

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज फिर तल्ख हो सकता है। शुक्रवार दोपहर बाद तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, भारी बारिश के कारण बदरीनाथ हाईवे पर पीपलकोटी के पास भनारपानी व लामबगड़ में बंद है। भनारपानी में अचानक भू–स्खलन से हाईवे पर गुजर रहा ट्रक दब गया। चालक और हैल्पर ने भाग कर जान बचाई। वहीं, मौसम विभाग ने देहरादून और हरिद्वार समेत पांच जिलों के लिए बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 60 से ज्यादा संपर्क मार्गों पर आवाजाही अब भी बाधित है। श्रीनगर के पास मलबा आने से बदरीनाथ हाईवे 11 घंटे बंद रहा। पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाला लिपुलेख मार्ग तीसरे दिन भी नहीं खोला जा सका।

प्रदेश में मानसून भले ही 23 जून से सक्रिय हो चुका है, लेकिन इसने रफ्तार इसी माह पकड़ी। इस दौरान दो बार बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला बना हुआ है। गुरुवार को बदरीनाथ के पास हाईवे पर मलबे की चपेट में आने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार दो लोग बाल–बाल बच गए। इसके अलावा पिथौरागढ़ जिले के नामिक गांव में भूस्खलन से पंचायत घर और पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार और शनिवार को भारी से भारी बारिश के आसार बन रहे हैं।

इस दौरान देहरादून और हरिद्वार के साथ ही पौड़ी, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में मौसम के तेवर तल्ख रह सकते हैं। वहीं शनिवार को टिहरी, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा और चम्पावत में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

**दून में उमस ने किया बेहाल**

दून में बारिश न होने के कारण दिनभर उमस ने बेचैनी बढ़ाई। दून में दोपहर बाद कुछ क्षेत्रों में तेज बौछारे पड़ी। इसके साथ ही दून का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। मसूरी में अधिकतम पारे में सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस का इजाफा रहा।

**चमोली में एनडीआरएफ तैनातः** चमोली जिले में मानसून सीजन के लिए एनडीआरएफ की तैनाती कर दी गई है। चमोली के पुलिस अधीक्षक यशवंत सिंह चौहान ने बताया कि तीस सदस्यीय टीम को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने डा. निशंक को लिखा पत्र

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय विद्यालयों में 9वीं एवं 11वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्र–छात्राओं के भविष्य को देखते हुए उनकी पुनःपरीक्षा कराने हेतु केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से कहा है कि सीबीएसई बोर्ड के माध्यम से 9वीं एवं 11वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों जिनके कम प्राप्तांक आने के कारण अगली कक्षा में प्रवेश नहीं कर पाए हैं उनके अभिभावक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उनसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान कराने की बात कही गयी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि अभिभावकों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया है कि 14 मई 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री के द्वारा ऐसी घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों को पुनः टेस्ट लेकर उनको अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।